# CBSE Class 12 Sociology Important Questions Chapter 8 सामाजिक आंदोलन

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
दलित सामाजिक आन्दोलन के दो उदाहरण दीजिये।
उत्तर:

1. सतनामी आन्दोलन (पंजाब में),
2. महार आन्दोलन (महाराष्ट्र में)।

प्रश्न 2.
प्रति आन्दोलन का एक उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
राजा राममोहन राय द्वारा सती प्रथा का विरोध करना।

प्रश्न 3.
भारत में जाति आधारित सामाजिक आन्दोलन के दो उदाहरण दीजिये।
उत्तर:

1. महाराष्ट्र में महार आन्दोलन
2. दक्षिण भारत में ब्राह्मण विरोधी आन्दोलन।

प्रश्न 4.
सामाजिक आन्दोलन सामान्य सामाजिक बदलाव से भिन्न क्यों होते हैं?
उत्तर:
क्योंकि ये किसी विशिष्ट उद्देश्य की ओर निर्देशित होते हैं।

प्रश्न 5.
बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ के दो महिला संगठनों के नाम लिखिये।
उत्तर:

1. वीमेन्स इण्डिया एसोसियेशन।
2. ऑल इण्डिया वीमेन्स कान्फ्रेंस।

प्रश्न 6.
सफ्रागेट्स का क्या अर्थ है ?
उत्तर:
सफ्रागेट्स महिला आन्दोलनकारी के लिए लिया गया था।

प्रश्न 7.
सामाजिक आन्दोलनों के तीन प्रकारों के नाम लिखिये।
उत्तर:

1. प्रतिदानात्मक
2. सुधारवादी
3. क्रांतिकारी।

प्रश्न 8.
सर्वप्रथम मजदूर संघ की स्थापना कब व किसने की?
उत्तर:
सन् 1918 में बी.पी. वाडिया ने।

प्रश्न 9.
महात्मा गाँधी ने किस मजदूर संघ की स्थापना की?
उत्तर:
टेक्सटाइल लेबर एसोसियेशन की।

प्रश्न 10.
एटक का पूरा नाम क्या है ?
उत्तर:
'ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन काँग्रेस'।

प्रश्न 11.
1958 और 1914 के बीच किसान आन्दोलन के क्या कारण थे?
उत्तर:
इस अवधि के किसान आन्दोलन के कारण थे:

1. स्थानीयता,
2. विभाजन
3. विशिष्ट शिकायतें।

प्रश्न 12.
प्राकृतिक जंगलों को काटा जाना पर्यावरणीय विनाश का कारण क्यों है?
उत्तर:
क्योंकि इसके कारण क्षेत्र में विनाशकारी बाढ़ तथा भूस्खलन होते हैं।

प्रश्न 13.
तेलंगाना आन्दोलन किन दशाओं के विरुद्ध था?
उत्तर:
यह प्रिंसली राज्य हैदराबाद की सामन्ती दशाओं के विरुद्ध था।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 14.
गेल आमवेट की पुस्तक का नाम क्या है?
उत्तर:
रीइन्वेन्टिंग रिवोल्यूशन।

प्रश्न 15.
मैकार्थी और जेल्ड ने सामाजिक आन्दोलन के किस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया?
उत्तर:
गतिशीलता के सिद्धान्त का।

प्रश्न 16.
समानान्तर विस्तार किसे कहा जाता है ?
उत्तर:
समान रूप से अवस्थित जाति समूहों पर स्वयं को संगठित करने को।

प्रश्न 17.
किसी एक पारिस्थितिकीय आन्दोलन का नाम लिखिये।
उत्तर:
चिपको आन्दोलन।

प्रश्न 18.
चार्टरवाद किस देश से सम्बन्धित सामाजिक आन्दोलन था?
उत्तर:
इंग्लैण्ड से।

प्रश्न 19.
अश्वेत लोगों के समान अधिकार के लिए कौनसा आन्दोलन चलाया गया था?
उत्तर:
नागरिक आन्दोलन।

प्रश्न 20.
राजा राममोहन राय के सती प्रथा के विरोध में ब्रह्म समाज की स्थापना की प्रतिक्रिया में सती-प्रथा प्रतिरक्षकों ने किस सभा की स्थापना की थी?
उत्तर:
धर्म सभा की।

प्रश्न 21.
भारत में नक्सली आन्दोलन किस प्रकार के सामाजिक आन्दोलन का उदाहरण है?
उत्तर:
क्रांतिकारी सामाजिक आन्दोलन का।

प्रश्न 22.
ऐसे दो देशों के नाम लिखिये जहाँ साम्यवादी समाजवादी राज्यों का गठन हुआ?
उत्तर:

1. चीन
2. सोवियत संघ।

प्रश्न 23.
किसान आन्दोलन कब शुरू हुए।
उत्तर:
1958 और 1914 के बीच।

प्रश्न 24.
1859-62 के किसान आन्दोलन का मुख्य कारण क्या था?
उत्तर:
नील की खेती।

प्रश्न 25.
बारदोली सत्याग्रह अभियान किस जिले में शुरू हुआ?
उत्तर:
सूरत जिले में।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का क्या अर्थ है ?
उत्तर:
हम स्वयं अपने द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा शासित नहीं हो सकते हैं।

प्रश्न 2.
नए सामाजिक आन्दोलन पुराने सामाजिक आन्दोलनों से भिन्न हैं, क्योंकि ?
उत्तर:
नए सामाजिक आन्दोलन पुराने सामाजिक आन्दोलनों से भिन्न हैं, क्योंकि नये सामाजिक आन्दोलन समाज में सत्ता के वितरण को बदलने के बारे में न होकर स्वच्छ पर्यावरण व जीवन की गुणवत्ता के बारे में थे।

प्रश्न 3.
19वीं सदी और 20वीं सदी के प्रारम्भ में समाज सुधार आन्दोलन के द्वारा उठाये गये दो मुद्दे कौनसे थे?
उत्तर:

1. महिला कल्याण तथा राजनीति परस्पर असम्बद्ध हैं।
2. क्या भारतीय पुरुष अथवा स्त्री आजाद हो सकते हैं यदि भारत गुलाम रहे।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 4.
सामाजिक आंदोलनों के प्रारूप की दो विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:

1. सामाजिक आंदोलन में एक लम्बे समय तक निरन्तर सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता होती है।
2. ऐसी गतिविधियाँ प्रायः राज्य के विरुद्ध होती हैं तथा राज्य की नीति तथा व्यवहार में परिवर्तन की माँग करती हैं।

प्रश्न 5.
दलित सामाजिक आन्दोलनों का अन्य आन्दोलनों से भिन्न एक विशेष चरित्र क्यों था?
उत्तर:
दलित सामाजिक आन्दोलन मानव के रूप में पहचान प्राप्त करने का तथा आत्मविश्वास और आत्मनिर्णय का स्थान हासिल करने का संघर्ष है, न कि शोषण या राजनीतिक दबाव के विरुद्ध संघर्ष।

प्रश्न 6.
सामाजिक आंदोलन के उद्देश्य क्या होते हैं? कोई एक उदाहरण लिखिए।
उत्तर:
सामाजिक आंदोलन प्रायः किसी जनहित के मामले में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से उत्पन्न होते हैं। उदाहरण-जनजातीय लोगों के लिए जंगल के उपयोग का अधिकार अथवा विस्थापित लोगों के पुनर्वास तथा क्षतिपूर्ति के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए।

प्रश्न 7.
सुधारवादी आन्दोलन और क्रांतिकारी आन्दोलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
सुधारवादी आन्दोलन वर्तमान सामाजिक व राजनीतिक विन्यास को धीमे व प्रगतिशील चरणों द्वारा परिवर्तन लाने का प्रयास करता है, जबकि क्रांतिकारी आन्दोलन सामाजिक सम्बन्धों के आमूल रूपान्तरण का प्रयास करते हैं।

प्रश्न 8.
किसी सामाजिक आन्दोलन को कौन-सी विशेषताएँ चिन्हित या निर्धारित करती हैं? उत्तर:

1. सामाजिक आन्दोलन किसी विशेष उद्देश्य की तरफ निर्देशित होते हैं।
2. सामाजिक आन्दोलन में दीर्घ तथा निरन्तर सामाजिक प्रयास तथा व्यक्तियों की गतिविधियाँ शामिल होती हैं।

प्रश्न 9.
सामाजिक आन्दोलनों में विरोध के विभिन्न साधन कौन-कौनसे हैं ?
उत्तर:
सामाजिक आन्दोलनों में विरोध प्रकट करने के विभिन्न साधन हैं

1. मोमबत्ती या मशाल जुलूस,
2. काले कपड़े का प्रयोग,

3. नुक्कड़ नाटक, गीत, कविताएँ इत्यादि।

प्रश्न 10.
डांडी यात्रा के माध्यम से गाँधीजी ने किसका विरोध किया?
उत्तर:
डांडी यात्रा अंग्रेजों की कर नीतियों, जिसमें उपभोग की मूलभूत सामग्री के उपभोक्ताओं पर साम्राज्य को लाभ पहुंचाने के लिए बहुत अधिक भार डाला गया था, के खिलाफ एक विरोध था।

प्रश्न 11.
फ्रांसीसी क्रान्ति का उद्देश्य क्या था?
उत्तर:
फ्रांसीसी क्रान्ति राजतंत्र को उखाड़ फेंकने तथा 'स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुता' स्थापित करने के उद्देश्य से चलाया गया।

प्रश्न 12.
सापेक्षिक वंचन के सिद्धान्त की सीमा क्या है?
उत्तर:
सापेक्षिक वंचन के सिद्धान्त की सीमा यह है कि हालाँकि वंचन का आभास सामूहिक गतिविधि के लिए एक आवश्यक दशा है फिर भी यह स्वयं में एक पर्याप्त कारण नहीं है।

प्रश्न 13.
दलित शब्द का प्रयोग आमतौर पर क्यों किया जाता है?
उत्तर:
दलित शब्द का प्रयोग आमतौर पर मराठी, हिन्दी, गुजराती तथा अन्य भारतीय भाषाओं में गरीब तथा उत्पीड़ित लोगों के अर्थ में किया जाता है।

प्रश्न 14.
कृषक आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था?
उत्तर:
कृषक आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य अपने उत्पादन हेतु बेहतर मूल्य तथा कृषि सम्बन्धी सहायता के हटाए जाने के विरुद्ध लोगों को गतिशील करना था।

प्रश्न 15.
महिला आन्दोलन के क्या कारण थे?
उत्तर:
महिला आन्दोलन के लिंग-भेद के मुद्दों पर, कार्यस्थल तथा परिवार के अन्दर यौन शोषण तथा दहेज हत्याएँ जैसे विभिन्न कारण रहे हैं।

प्रश्न 16.
तिभागा आन्दोलन के क्या कारण थे?
उत्तर:
तिभागा आन्दोलन का मुख्य कारण बंगाल और उत्तरी बिहार की पट्टेदारी का था जिसमें उसकी पैदावार का दो-तिहाई हिस्सा देना होता था, न कि प्रथागत आधा हिस्सा।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 17.
किसानों से सम्बन्धित कुछ मुद्दों को बताइये जो औपनिवेशिक काल में बहुत प्रभावी थे, लेकिन स्वतंत्रता के बाद परिवर्तित हो गए।
उत्तर:
औपनिवेशिक काल में किसानों के प्रभावी मुद्दे थे-भूमि सुधार, जमींदारी उन्मूलन तथा भूमि कर। ये मुद्दे स्वतंत्रता के बाद समाप्त हो गये।

प्रश्न 18.
किसान किसे कहते हैं ?
उत्तर:
किसान उन्हें कहा जाता है जो कि वस्तुओं के उत्पादन और खरीद दोनों रूपों में बाजार से जुड़े होते

प्रश्न 19.
द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के दशकों में राष्ट्रीय आन्दोलन का भारत, मिस्र और इण्डोनेशिया पर क्या प्रभाव पड़ा?
उत्तर:
द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के दशकों में राष्ट्रीय आन्दोलन के परिणामस्वरूप भारत, मिस्र, इण्डोनेशिया आदि देशों में विदेशी साम्राज्य का अन्त तथा नए स्वतंत्र राष्ट्र राज्यों का गठन हुआ।

प्रश्न 20.
गेल ऑमवेट ने अपनी पुस्तक रीइन्वेंटिंग रिवोल्यूशन में क्या दर्शाया है ?
उत्तर:
गेल ऑमवेट ने अपनी पुस्तक रीइन्वेंटिंग रिवोल्यूशन में दर्शाया है कि सामाजिक असमानता तथा संसाधनों के असामान्य वितरण के बारे में चिंताएँ इन आंदोलनों में भी आवश्यक तत्व बने हुए हैं।

प्रश्न 21.
सामाजिक आंदोलन क्या है ?
उत्तर:
किसी समाज या जनहित के मामले में परिवर्तन लाने अथवा यथास्थिति बनाए रखने के सामूहिक प्रयास को सामाजिक आन्दोलन कहते हैं।

प्रश्न 22.
किसी एक पारिस्थितिकीय आन्दोलन के बारे में संक्षेप में बताएँ।
उत्तर:
'चिपको आन्दोलन' उत्तराखण्ड गढ़वाल के क्षेत्र से प्रारम्भ होने वाला एक महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिकीय आन्दोलन है। इसका प्रारम्भ सर्वोदयी नेता चण्डी प्रसाद भट्ट ने किया और राष्ट्रीय स्तर पर इसका नेतृत्व सुन्दरलाल बहुगुणा कर रहे हैं।

प्रश्न 23.
वाणिज्यीकरण से क्या आशय है?
उत्तर:
वाणिज्यीकरण से आशय है-किसी वस्तु का एक उत्पाद के रूप में रूपान्तरण करना, ऐसी सेवा या क्रियाकलाप जिसका आर्थिक मूल्य हो और जिसका बाजार में व्यापार किया जा सकता है।